छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा सप्तम सत्र अंक-01

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 25 अगस्त, 2020

(भाद्रपद 3, शक संवत् 1942)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत **"वन्दे मातरम्"** एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री अजीत जोगी, छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री एवं सदस्य विधान सभा, श्री डेरहू प्रसाद धृतलहरे, पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़, श्री बलिहार सिंह, पूर्व मंत्री, अविभाजित मध्यप्रदेश, श्रीमती रजनीगंधा देवी, पूर्व सांसद, लोकसभा एवं भारत-चीन सीमा पर हुई हिंसक झड़प में शहीद जवानों के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए ।

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, सदस्य सर्वश्री धर्मजीत सिंह, केशव प्रसाद चन्द्रा, अजय चन्द्राकर, नारायण चंदेल, श्री अमरजीत भगत, खाद्य मंत्री, श्री कवासी लखमा, वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री, सदस्य सर्वश्री मनोज सिंह मंडावी, बृजमोहन अग्रवाल, शैलेश पाण्डेय, डॉ.रमन सिंह, श्री टी.एस.सिंहदेव, पंचायत मंत्री, श्री मोहम्मद अकबर, वन मंत्री, सदस्य डॉ. रेणु अजीत जोगी एवं श्री रविन्द्र चौबे, कृषि मंत्री ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही अपराह्न 1.25 बजे, बुधवार, दिनांक 26 अगस्त, 2020 (भाद्रपद-4, शक संवत् 1942) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा